<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक– 02.10.2025 (दोपहर–1310 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

- देश आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 156वीं जयंती पर अर्पित कर रहा है श्रद्धा–सुमन; राज्यपाल, मुख्यमंत्री और रक्षा राज्य मंत्री ने बापू वाटिका जाकर दी श्रद्धांजलि।
- केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने आम लोगों से की स्वदेशी उत्पादों के उपयोग की अपील, कहा–देशी उत्पादों और स्थानीय उद्यमों को बढ़ावा देने से भारत बनेगा आत्मनिर्भर।
- गोड्डा, चतरा और खूंटी में नशे के खिलाफ पुलिस की बड़ी कार्रवाई, लाखों रुपये के मादक पदार्थों के साथ आठ तस्कर गिरफ्तार।
- राज्य भर में आस्था और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है विजयादशमी का पर्व, बारिश की आशंका के बीच रांची में आज शाम मुख्यमंत्री करेंगे रावण दहन।
- रांची समेत विभिन्न जगहों के पूजा पंडालों में हो रहा सिंदूर खेला का आयोजन, मां दुर्गा को दी जाएगी विदाई।

*************************

समग्र देश आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 156वीं जयंती पर श्रद्धा–सुमन अर्पित कर रहा है। इस अवसर पर रांची के मोरहाबादी मैदान स्थित बापू वाटिका में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि देश की स्वतंत्रता के लिए महात्मा गांधी ने जो किया, उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि महात्मा गांधी जैसे महान विभूतियों पर देश वासियों को गर्व है।

आज पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को भी उनकी 121वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की जा रही है।

*************************

केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने गांधी जयंती के अवसर पर आम लोगों से स्वदेशी उत्पादों के उपयोग की अपील की है। एक सन्देश में उन्होंने कहा है कि हम सबको यह संकल्प लेना चाहिए कि बापू के बताए स्वदेशी आंदोलन की भावना को सभी लोग आत्मसात करें।

*************************

राज्य के तीन जिलों गोड्डा, चतरा और खूंटी में नशे के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए लाखों रुपये के मादक पदार्थों के साथ आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इन पदार्थों का बाजार मूल्य 19 लाख रुपये है।

*************************

राज्य भर में आज विजयादशमी का पर्व आज आस्था और उल्लास से मनाया जा रहा है। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने ने विजयादशमी के अवसर पर राज्यवासियों को शुभकानाएं दी हैं। अपने सन्देश में मुख्यमंत्री ने कहा है कि विजयादशमी का पर्व अच्छाई की उस अडिग भावना का उत्सव है, जो हर युग में अन्याय और अहंकार के सामने डटकर खड़ी रही है।

*************************

राज्यभर में आज रावण दहन को लेकर भव्य तैयारियां की गई हैं। राजधानी रांची के मोरहाबादी मैदान में रावण दहन कार्यक्रम का उद्‌घाटन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करेंगे। हालांकि, इस दौरान राज्य के अधिकतर हिस्सों में बारिश होने की भी आशंका है। मौसम विभाग ने आज रांची, रामगढ़ और हजारीबाग समेत अन्य जिलों में बारिश और मेघगर्जन की देखते हुए चेतावनी जारी की है।

**************************

विजयादशमी के अवसर पर रांची समेत विभिन्न जगहों पर सिंदूर खेला का आयोजन हो रहा है। आज सिंदूर खेला के बाद ही मां दुर्गा का विसर्जन किया जाता है। पंडितों के मुताबिक इस बार देवी दुर्गा नौका पर सवार होकर विदा हो जाएंगी। सिंदूर खेला में महिलाएं देवी दुर्गा को सिंदूर अर्पित करने के बाद एक—दूसरे को सिंदूर लगाकर अखंड सौभाग्य और पति की लंबी उम्र की कामना करती हैं।

**************************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,

इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।

**************************

उपराजधानी दुमका में आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया और श्रद्धांजलि दी गई।

**************************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित वस्तु और सेवा कर बचत उत्सव से समाज के सभी वर्ग लाभान्वित हो रहे हैं।

**************************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार सेवा और सुशासन मंत्र के आधार पर परिवर्तन और प्रगति के लिए अनवरत कार्य कर रही है। विशेष श्रृंखला—सेवा पर्व में आज हम आपको बता रहे हैं कि किस प्रकार मोदी सरकार भारत की विकास यात्रा में पूर्वोत्तर को सशक्त माध्यम बनाने पर बल दे रही है।

********************